बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited
(निबंधित कार्यालयः—विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
CIN-U74110 BR 2012 SGC 018889
Website:www.bsptcl.bih.inc.in
DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION

कार्यालय आदेश संख्याः— 480 पटना, दिनांकः— 10/09/24
T-IV/Misc/Store-8227/2020

विद्युत कार्यपालक अभियंता, संचरण अंचलीय भंडार, बोधगया के पत्रांक—81 दिनांक—27.05.2024 द्वारा श्री अभिजीत मोहंती, वरीय भंडारपाल, संचरण अंचलीय भंडार, दरभंगा (प्रतिनियुक्त संचरण अंचलीय भंडार, गया/बोधगया, सेवानिवृति तिथि—31.10.2024) के सेवानिवृत होने की स्थिति को देखते हुए संचरण अंचलीय भंडार, बोधगया में रखे 1421 प्रकार के भंडार सामग्रियों का प्रभार किसी अन्य भंडारकर्मी को हस्तांतरित करने हेतु उक्त भंडार में एक भंडार कर्मी के पदस्थापन का अनुरोध किया गया था।

कंपनी के कार्यालय आदेश संख्या—413 दिनांक—01.08.2024 द्वारा श्री अशोक, वरीय भंडारपाल, संचरण अंचलीय भंडार, बिहारशरीफ को अपने कार्यों के अतिरिक्त संचरण अंचलीय भंडार, गया (बोधगया) का अतिरिक्त प्रभार का आदेश निर्गत किया गया। इस अनुसार श्री अशोक को अविलम्ब उक्त आदेश का अनुपालन करना चाहिए था, परन्तु कार्यालय आदेश संख्या—413 दिनांक—01.08.2024 का अनुपालन श्री अशोक द्वारा दिनांक—30.08.2024 तक नहीं किया गया।

श्री अशोक का यह आचरण मुख्यालय के आदेश के उल्लंघन एवं अनुशासनहीनता के साथ साथ सरकारी कर्मचारी आचार नियमावली के सुसगत प्रावधानों के उल्लंघन का घोतक है।

वर्णित स्थिति में श्री अशोक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थगित किए जाने का निर्णय लिया जाता है।

1. निलंबन अवधि में श्री अशोक का मुख्यालय संचरण जोन, पटना निर्धारित किया जाता है।
2. निलंबन अवधि में श्री अशोक को नियमानुसार जीवन यापन भत्ता देय होगा।

आदेश से,

ह०/
(दीपक कुमार)
अवर सचिव

ज्ञापांक—.. पटना, दिनांक—..................................

प्रतिलिपिः— महाप्रबंधक—सह—मुख्य अभियंता, संचरण जोन, पटना/मुजफ्फरपुर/विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, बिहारशरीफ/गया/दरभंगा/सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अंचलीय भंडार, बिहारशरीफ/गया/दरभंगा/लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, बिहारशरीफ/गया/दरभंगा/संबंधित कर्मचारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—
(दीपक कुमार)
अवर सचिव

ज्ञापांक—.. पटना, दिनांक—..................................

प्रतिलिपिः—अध्यक्ष—सह—प्रबंध निदेशक के प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/—
(दीपक कुमार)
अवर सचिव

DBA
(23)

ज्ञापांक– 2316 पटना, दिनांक– 10/09/24

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (मा०सं० / प्रशा०) / महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) / मुख्य अभियंता, (ओ0 एण्ड एम0) / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा०सं० / प्रशा०) / उप महाप्रबंधक (मा०सं० / प्रशा०) / डी.बी.ए / सभी अवर सचिव / प्रशासी पदाधिकारी (ERP) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. डी.बी.ए से अनुरोध है कि इस आदेश की प्रति कंपनी के बेवसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाय।

10.9.24

(दीपक कुमार)
अवर सचिव